# BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

**आपको BEElieve करना होगा!**

**ब्रैम्पटन को आधिकारिक बी सिटी की पदवी मिली**

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (16 जून, 2021) – बी सिटी कैनेडा (Bee City Canada) ने ब्रैम्पटन को आधिकारिक तौर पर, इसके बिल्कुल नए बी सिटी (Bee City) के तौर पर मान्यता दी है!

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, नियत बी सिटी के तौर पर मधुमक्खियों और तितलियों सहित, पोलीनेटर्स (परागक) की हिमायत करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें शामिल है, मौजूदा पोलीनेटर के आवास बनाना और उनकी देखरेख करना, निवासियों को पोलीनेटर्स के महत्व के बारे में बताना और इंटरनेशनल पोलीनेटर वीक (International Pollinator Week) (21 से 27 जून) के दौरान पोलीनेटर्स का जशन मनाना।

बी सिटी की पदवी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के लिए, सिटी की कुदरती विरासत के सिस्टम की सुरक्षा करने और इसमें वृद्धि करने के इसके मुख्य प्रयासों को बढ़ाने और मज़बूत करने का एक अवसर है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पूरे कैनेडा में 50 से अधिक म्युनिसिपल्टीज के साथ जुड़ गई है, जिन्होंने यह पदवी हासिल की है।

ब्रैम्पटन की बी सिटी की पदवी की हिमायत, ब्रैम्पटन ग्रो ग्रीन एन्वायरनमेंटल मास्टर प्लान (Brampton Grow Green Environmental Master Plan), पार्क्स एंड रेक्रिएशन मास्टर प्लान (Parks and Recreation Master Plan), नैचुरल हेरिटेज एंड एन्वारनमेंटल मैनेजमेंट स्ट्रैटजी (एन.एच.ई.एम.एस.) (Natural Heritage and Environmental Management Strategy) (NHEMS) और ब्रैम्पटन ईको पार्क स्ट्रैटजी (Brampton Eco Park Strategy) के द्वारा की गई है।

**आंकड़े**

- इस समय सिटी, 17 समर्पित पोलीनेटर बेड्स और 706 पैरेनियल (सदाबहार) बेड्स की देखरेख करती है, जो पोलीनेटर्स की हिमायत करते हैं।
- 2002 के बाद, ब्रैम्पटन वेली एंड पार्क्स नैचुरलाइजेशन प्रोग्राम (Brampton Valley and Parks Naturalization Program) के अंतर्गत, 220 हेक्टेयर ज़मीन तैयार की गई है और ऐसे देसी बीज मिश्रणों, झाड़ियों और पेड़ों का प्रयोग किया गया है, जो पोलीनेटर्स के लिए भोजन और आवास प्रदान करते हैं।
- 2018 के बाद, डोंट मो, लेट इट ग्रो प्रोग्राम (Don't Mow, Let it Grow Program) में लगभग 21 हेक्टेयर काटी हुई घास को घास के मैदानों (meadows) और पोलीनेटर गार्डन्स में बदला गया है।

**इंटरनेशनल पोलीनेटर वीक (21 से 27 जून)**

21 से 27 जून, पोलीनेटर वीक है! वर्चुअल (आभासी) गतिविधियों के लिए हमारे साथ जुड़ें, जिनमें शामिल हैं, पोलीनेटर-थीम वाली खजाना खोज, जिसमें इनाम दिए जाएंगे, डाउनलोड करने योग्य रंगीन पेज, पड़ताल के लिए संसाधन और तथ्य। विवरणों के लिए, www.brampton.ca/pollinators पर जाएं।

**बी सिटी कैनेडा के बारे में**

2016 में स्थापित, बी सिटी कैनेडा (Bee City Canada), फेडरल तौर पर मान्यता प्राप्त चेरिटेबल संगठन है, जिसका लक्ष्य कैनेडा के निवासियों को पोलीनेटर्स के महत्व के बारे में बताना और पोलीनेटर आवास की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए काम करने हेतु प्रेरित करना है। यह संगठन, चार पदवियां पेश करके पोलीनेटर्स की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध, कम्युनिटीज और संगठनों के सामूहिक प्रयासों की हिमायत करता है। ये पदवियां हैं: बी सिटीज (Bee Cities), बी पार्टनर्स (Bee Partners), बी स्कूल्स (Bee Schools) और बी कैंपस (Bee Campuses)।

**हवाले**

“हमें बी सिटी होने पर गर्व है! ब्रैम्पटन, पूरे कैनेडा की 50 से अधिक म्युनिसिपल्टीज में से  एक, बी सिटी की पदवी हासिल करने वाला शहर है। हम पोलीनेटर्स की हिमायत करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए और इसके बदले में, हमारे खूबसूरत शहर में स्वस्थ और विविध ईकोसिस्टम कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, हमारी कम्युनिटी में पोलीनेटर्स को सुरक्षित रखने के महत्व को समझती है। पोलीनेटर्स की हिमायत के लिए और पोलीनेटर्स की हिमायत करने वाले लोगों के लिए, हमारे कई प्रोग्राम और पहकदमियां हैं, जिनमें शामिल हैं, कुदरती क्षेत्रों में वृद्धि करना, पोलीनेटर बेड बनाना और उनकी देखभाल करना। हम इस मान्यता के लिए बी सिटी कैनेडा के शुक्रगुजार हैं और इस प्रतिबद्धता के द्वारा हमारी पहलकदमियां तैयार करेंगे!”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“प्रत्येक व्यक्ति, ब्रैम्पटन की बी सिटी की पदवी की हिमायत करने में भूमिका निभाता है। पोलीनेटर्स, भोजन संबंधी उत्पादन और स्वस्थ आवासों और कुदरती सिस्टमों को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। मैं निवासियों को सलाह देता हूं कि वे देसी पेड़ और फूल लगाएं, लोकल किसानों को सहयोग करें और www.brampton.ca/pollinators पर हमारी पहलकदमियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें।”

- *डग विलैन्स (Doug Whillans), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 2 और 6; मेम्बर, एन्वायरनमेंट एडवाइजरी कमेटी; मेम्बर, सी.ई.ई.आर.पी. कम्युनिटी टास्क फोर्स, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का स्टाफ, ब्रैम्पटन की बी सिटी की पदवी की हिमायत के लिए हमारे प्रोग्रामों और पहलकदमियों में वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं, हमारी कम्युनिटी में मधुमक्खियों और तितलियों जैसे पोलीनेटर्स की हिमायत करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए, हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca